कुलपति द्वारा मेघावी स्कूली छात्रा द्वारा लिखित अंग्रेजी उपन्यास का विमोचन।

जयपुर– 30 जनवरी। राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव जैन ने आज जयपुर के एक निजी स्कूल की कक्षा 10 में पढ रही 15 वर्षीय मेघावी छात्रा इशिता शर्मा द्वारा लिखे गये अंग्रेजी उपन्यास आवर बायपोलर हार्ट्स (our bipolar hearts) का विमोचन किया।

कुलपति द्वारा इस उपन्यास विमोचन के अवसर पर इस स्कूली छात्रा ने अपने उपन्यास की जानकारी देते हुए बताया कि यह उपन्यास प्रेम, ट्रेजडी एवं ड्रामा पर आधारित है, जिसमे पाश्चात्य संस्कृति के विभिन्न आयामों को शामिल किया गया है, जिसमे परस्पर रिश्तों की गहराई का संवेदनशील ढंग से वर्णन किया गया है।

कुलपति ने छात्रा की लेखन प्रवृति को लेकर गहरी रूचि की भी जानकारी ली व छात्रा के साथ आए उसके परिजनो को भी इस अवसर पर बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. रूपराज भारद्वाज, डॉ. शीनू गुप्ता सहित छात्रा के परिजन व विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी

राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव जैन स्कूली छात्रा इशिता शर्मा द्वारा लिखित अंग्रेजी उपन्यास अवर बायपोलर हर्ट्स का विमोचन करते हुऐ।